## हिन्दी (सामान्य)- 2013

कक्षा : 12वीं

समय : 3 घण्टे] [पूर्णांक : 100

निर्देश- (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रत्येक प्रश्न के लिये आबंटित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।

(ii) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक के लिये (5x5=25) एक-एक अंक निर्धारित हैं।

(iv) प्रश्न क्रमांक 6 से 15 में प्रत्येक के लिये 4 अंक निर्धारित हैं।

(v) प्रश्न क्रमांक 16 से 20 में प्रत्येक के लिये 5 अंक निर्धारित हैं।

(vi) प्रश्न क्रमांक 21 के लिये दस अंक निर्धारित हैं।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न-

प्रश्न 1. निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति दिये गये विकल्पों के आधार पर कीजिए:

(i) नालंदा विश्वविद्यालय में ........पुस्तकालय थे। (दो / तीन)

(ii) विश्व की शुभकामना ........... को कहा गया है। (माँ/मामा)

(iii) महाश्वेता की छवि .......... राज्य की स्त्रियाँ धारण कर लेती हैं। (केरल/तमिलनाडु)

(iv) यशोधरा ने वसंत ............ को कहाँ है। (सिद्धार्थ/राहुल)

(v) “दिन" शब्द का अर्थ............ है। (दिवस/दरिद्र)

प्रश्न 2. निम्नलिखित कथनों के लिये सही विकल्प चुनिये:

“सवा-सवा लाख पर" एक को चढ़ाने की घोषणा की थीः

(1) गुरू नानक देव (2) गुरू गोविन्द सिंह (3) गुरू रामदेव (4) गुरू हरिहरन

(2) दुनिया की दो अमोघ शक्तियाँ हैं:

(1) शब्द और अक्षर (2) शब्द और वाक्य (3) शब्द और कृति (4) शब्द और कर्म

(3) "नीलकंठ" में प्रयुक्त समास का नाम लिखिए:

(1) अव्ययीभाव (2) द्विगु (3) द्वन्द्व (4) कर्मधारय

(4) “शैली ही व्यक्ति है और व्यक्ति ही शैली है", यह कथन किस पाश्चात्य विद्वान का है? (1) हडसन (2) कालो (3) बफन (4) एटमी

(5) “करूण रस” का स्थायी भाव है:

(1) रौद्र (2) क्रोध (3) शोक (4) ह्रास

प्रश्न 3. निम्नलिखित कथनों में सत्य/असत्य छाँटिये:

(i) भारतीय दोगली-दोहरी सभ्यता में रचने बसने लगा है।

(ii) सुभद्राकुमारी चौहान को जबलपुर की जेल में रखा गया था।

(iii) गंगा जल को अमृत तुल्य माना जाता है।

(iv) शून्य का आविष्कार जापान में हुआ।

(v) "आस्तीन का साँप' मुहावरे का आशय प्रिय मित्र है।

प्रश्न 4. निम्नलिखित की सही जोड़ी बनाइये:

| | 'अ' | 'ब' |
|---|---|---|
| (i) | मुख, जननी, दंत | (1) "ठेस" कहानी |
| (ii) | भूषण की उपाधि | (2) तैयार रहना |
| (iii) | बल बहादुरी | (3) तत्सम शब्द |
| (iv) | कमर कसना का अर्थ | (4) विवेचनात्मक निबंध |
| (v) | फणीश्वरनाथ 'रेणु' | (5) चित्रकूट के महाराजा रूद्र |

प्रश्न 5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर. एक-एक वाक्य में दीजिए:

(i) माता यशोदा ने किसके माध्यम से देवकी को संदेश भेजा था?

(ii) आँखों से बहने वाले आँसू क्या व्यक्त कर देते हैं?

(iii) चंद्रकांत किस सभ्यता के प्रेमी थे?

(iv) "अंचल" में "इक' प्रत्यय लगाने पर कौनसा पारिभाषिक शब्द बनता है?

(v) "मयूर वन में नाचो' वाक्य का प्रकार लिखिए।

प्रश्न 6. "हम कहाँ जा रहे हैं' से कवि क्या संदेश देना चाहता है?

(अथवा) यशोदा ने कृष्ण को वन की कौन-कौनसी कठिनाइयाँ बतायीं?

प्रश्न 7. शिशु के छिनने पर सिंही और मेषमाता के व्यवहार में क्या अन्तर होता है?

(अथवा) "धरती का ताज' हिमालय की किन्हीं चार विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

प्रश्न 8. "यशोधरा की व्यथा' कविता का केन्द्रीय भाव लिखिए।

(अथवा) कवि रहीम मोतियों के हार के माध्यम से क्या संदेश देना चाहते हैं?

प्रश्न 9. कस्तूरबा को तेजस्वी महिला क्यों कहा गया है?

(अथवा) तीनों बच्चों की वेशभूषा कैसी थी? लेखिका को सबसे छोटे बच्चे पर दया क्यों आई?

प्रश्न 10. समय की पाबंदी के संबंध में गाँधीजी का क्या मत था? लिखिए।

(अथवा) पार्वती के कन्याकुमारी कहलाने के संबंध में कौनसी कथा है? पाठ के आधार पर लिखिए।

प्रश्न 11. मंत्रीजी की उदासी किस तरह खत्म हुई?

(अथवा) नालंदा विश्वविद्यालय की चार विशेषताएँ लिखिए। प्रश्न 12. भारतेंदु युग के प्रवर्तक कौन थे? इस युग के दो निबंधकारों के नाम एवं एक.. एक रचना का नाम लिखिए।
http://www.mpboardonline.com
(अथवा) द्विवेदी युग की दो विशेषताएँ लिखिए एवं दो निबंधकारों के नाम एवं एक-एक रचना का नाम लिखिए।

प्रश्न 13. (अ) निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए (कोई - दो):

(i) कब्र में पाँव लटकना। (ii) छठी का दूध याद आना। (iii) टोपी उछालना।

(ब) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए। (कोई दो):

(i) चंद्रगुप्त का भविष्य चाणक्य के ऊपर निर्भर है।

(ii) वृक्ष में से पत्ते गिर रहे हैं।

(iii) गीता, अनीता, सुनीता पढ़ रही है।

(अथवा) (अ) यथानिर्दिष्ट प्रश्नों के उत्तर लिखिए:

(i) माता-पिता - समास विग्रह कीजिए।

(ii) रामाधार - संधि का नाम बताइए।

(iii) अ - उपसर्ग लगाकर एक शब्द बनाइए।

(ब) निम्नलिखित शब्दों में से दो तत्सम शब्दों के तद्भव शब्द बनाइए:

अग्नि, अश्रु, रात्रि, दुग्ध।

प्रश्न 14. (अ) निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए:

(i) जो सब कुछ जानता हो। (ii) जिसका पति मर चुका हो।

(iii) जिसको जानते नहीं हैं।

(ब) निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए (कोई दो):

नदी, सूर्य, ईश्वर।

(अथवा) (अ) निम्नलिखित समोच्चारित शब्द-युग्म का अलग-अलग अर्थों में प्रयोग करते हुए वाक्य बनाइए (कोई दो):

(i) वसन - व्यसन

(ii) गृह - ग्रह

(iii) शर - सर

(ब) निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तित कीजिए (कोई दो):

(i) कठोर बनकर भी सहृदय बनो। (संयुक्त वाक्य)

(ii) मोहन क्रिकेट खेल रहा है। (विस्मयादिबोधक)

(iii) मेरी माँ वह है जो नदी किनारे बैठी है। (साधारण वाक्य)

प्रश्न 15. निम्नलिखित अवतरणों में से किसी एक का भाव-पल्लवन कीजिए:
स्वतंत्रता हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है। http://www.mpboardonline.com
(अथवा) पूर्व चलने के बटोही, बाट की पहचान कर ले।

प्रश्न 16. केरल के गाँवों की कोई तीन विशेषताएँ लिखिए।
(अथवा) गाँधीजी ने जेल जीवन में अध्ययन के द्वारा शिक्षा के संबंध में क्या निष्कर्ष निकाला?

प्रश्न 17. निम्नलिखित में से किसी एक पद्य की संदर्भ व प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए:
"निकसत म्यान, तैं मयूखें प्रलैभानु कैसी,
फारै तमतोम से गयंदन के जाल कों।
लागति लपटि कंठ बैरिन के नागिन-सी,
रूद्रहि रिझावै दै दै मुंडन के माल कों।
(अथवा) माँ बस यह वरदान चाहिए!
जीवन पथ जो कंटकमय हो,
विपदाओं का घोर वलय हो,
किंतु कामना एक यही बस,
प्रतिपल पग गतिमान चाहिए।

प्रश्न 18. निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए:
हम अनेकता में भी तो हैं एक ही
हर झगड़े में जीता सदा विवेक ही
कृति, आकृति, संस्कृति भाषा के वास्ते,
बने हुए हैं, मिलते-जुलते रास्ते,
आस्थाओं की टकराहट से लाभ क्या?
मंजिल को हम देंगे भला जवाब क्या?
हम टूटे तो टूटेगा यह देश भी,
मैला वैचारिक परिवेश भी।
सर्जनरत हो आजादी के दिन जियो,
श्रमकर्ताओं, रचनाकारों, साथियों।
प्रश्नः (1) उपर्युक्त पद्यांश का एक उपयुक्त शीर्षक लिखिए।
(2) उपर्युक्त पद्यांश का सारांश लगभग 25 शब्दों में लिखिए।
(3) मनुष्य के विचारों में मैलापन कब आ जाता है?
(4) 'आस्था' शब्द का विलोम लिखिए।
(5) हम मिल-जुलकर किन-किन रास्तों को आसान बना सकते हैं?

प्रश्न 19. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए:

मेरे सपनों के भारत में सब लोगों को समानता का व्यवहार मिलेगा। जाति या धर्म के नाम पर देश को शक्तिहीन नहीं होने दिया जाएगा। मेरे सपनों के भारत में उग्रवादियों और देश के दुश्मनों के लिए कोई स्थान नहीं होगा। सभी लोग सुरक्षा और शांति से जीवनयापन करेंगे। मेसे सपनों के भारत में हिन्दी राष्ट्रभाषा होगी और प्रादेशिक भाषाओं की उन्नति के पर्याप्त अवसर दिये जाएंगे। मेरा भारत किसी देश पर पहले आक्रमण नहीं करेगा, परन्तु यदि कोई देश इस पर आक्रमण करेगा, तो वह उसकी ईंट से ईंट बजा देगा।

प्रश्न: (1) उपर्युक्त गद्यांश का एक उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

(2) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लगभग 25 शब्दों में लिखिए।

(3) मेरे सपनों के भारत में सब लोगों के साथ किस तरह के व्यवहार की अपेक्षा की गई है?

(4) “उन्नति' शब्द का एक पर्यायवाची लिखिए।

(5) ‘ईंट से ईंट बजा देना' मुहावरे का अर्थ लिखिए।

प्रश्न 20. नगर पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर सूचित कीजिए कि आपके मोहल्ले में चोरी की घटनाओं में वृद्धि हो रही है। पुलिस गश्त बढ़ाई जाए।

(अथवा) आपके मित्र की रचना विद्यालय की वार्षिक पत्रिका में प्रकाशित हुई है। अतएव उसे बधाई देते हुए पत्र लिखिए तथा प्रकाशित रचना की एक प्रति भेजने का भी अनुरोध कीजिए।

प्रश्न 21. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 250 शब्दों में सारगर्भित निबन्ध लिखिए:

(1) नारी तेरी शक्ति अपार

(2) वन महोत्सव और प्रदूषण की समस्या

(3) आतंकवाद से जूझता भारत

(4) इन्टरनेट-आज के जीवन की आवश्यकता।